प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाडियों को सम्मानित करेंगे। युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस दौरान आयुष, युवा सेवा और खेल मंत्री यादविंद्र गोमा की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

नशामुक्ति एवं पुनर्वास

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य में के लिए राज्य स्तरीय सलाहकार बोर्ड के गठन की घोषणा की। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित इस सलाहकार बोर्ड का उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग से सम्बंधित विभिन्न विभागों की गतिविधियों को सुव्यवस्थित करना है ताकि इस बुराई के प्रति एकीकृत दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा में मानसिक स्वास्थ्य उत्कृष्टता केंद्र को नशामुक्ति एवं पुनर्वास के लिए राज्य स्तरीय नोडल संस्थान घोषित किया। कल मातृ–शिशु एवं युवा बाल पोषण और नशामुक्ति पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों एवं जिला अस्पतालों में ओपियोइड प्रतिस्थापन थैरेपी केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे।

होम गार्ड

होम गार्ड और सिविल डिफेंस 6 दिसंबर को अपना 62वां स्थापना दिवस मनाएगा। समारोह के आयोजन को लेकर जानकारी देते हुए डिप्टी कमांडेंट जनरल एके पराशर ने बताया कि इसी कड़ी में आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर गृह रक्षा, एसडीआरएफ और अग्निशमन विभाग द्वारा बैंड डिस्पले व उपकरण प्रदर्शनी आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। कल होने वाले स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू खोज एंव बचाव गतिविधियों पर प्रदर्शन, पुरस्कार एवं पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

विश्व मृदा दिवस

आज विश्व मृदा दिवस है। विश्व मृदा दिवस 2024 का विषय है 'मृदा की देखभाल मापें, निगरानी करें, प्रबंधन करें।' यह विषय मृदा स्वास्थ्य का आकलन करने और प्रभावी निर्णय लेने में सटीक मृदा डेटा और सूचना की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य मकसद यही है कि आम लोग भी मिट्टी की महत्व के बारे में जानें और जागरूक हों और समझें कि, मिट्टी का हमारे जीवन में क्या महत्व है और इसका संरक्षण क्यों आवश्यक है। अंतर्राष्ट्रीय मृदा विज्ञान संघ' ने 2002 में हर साल 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस मनाने की सिफारिश की थी।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति का ग्रीष्म आवास, रिट्रीट 7 दिसंबर को शरद उत्सव के विशेष संस्करण की मेजबानी करेगा। राष्ट्रपति निवास, शिमला के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह एक दिवसीय कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने के लिए समर्पित है। यह आयोजन राष्ट्रपति भवन को सांस्कृतिक केंद्र में परिवर्तित करने की परिकल्पना पर आधारित है। उन्होंने कहा कि शरद उत्सव में हिमाचल प्रदेश ऑर्केस्ट्रा बैंड हारमनी ऑफ पाइंस द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा पारंपरिक लोक नृत्य और इंडियन आइडल प्रतिभागी द्वारा विशेष गायन प्रस्तुति भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रदेश की संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करते शिल्प उत्पाद और व्यंजन भी आकर्षण का केंद्र होंगे।

विश्व मृदा दिवस

आज विश्व मृदा दिवस है। विश्व मृदा दिवस 2024 का विषय है 'मृदा की देखभाल मापें, निगरानी करें, प्रबंधन करें।' यह विषय मृदा स्वास्थ्य का आकलन करने और प्रभावी निर्णय लेने में सटीक मृदा डेटा और सूचना की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य मकसद यही है कि आम लोग भी मिट्टी की महत्व के बारे में जानें और जागरूक हों और समझें कि, मिट्टी का हमारे जीवन में क्या महत्व है और इसका संरक्षण क्यों आवश्यक है। अंतर्राष्ट्रीय मृदा विज्ञान संघ' ने 2002 में हर साल 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस मनाने की सिफारिश की थी।

औद्योगिक विकास

औद्योगिक विकास योजना के तहत प्राप्त दावों के अनुमोदन के लिए प्रदेश सरकार के प्रधान सचिव (उद्योग) आर.डी. नजीम की अध्यक्षता में कल 14वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 22 दावों को स्वीकृति प्रदान की गई जिसमें प्लांट और मशीनरी में 132 करोड़ रुपये का कुल निवेश और 921 लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से .........

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला का शीर्षक है– हिमाचल में नशा मुक्ति के लिए राज्य सलाहकार बोर्ड का गठन करेगी सरकार।

पंजाब केसरी और दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सुक्खू के हवाले से खबर को एक जैसी सुर्खी दी है– नशामुक्ति एवं पुनर्वास के लिए बनेगा राज्यस्तरीय सलाहकार बोर्ड।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है– एक लाख 75 हजार होगा डॉक्टरों का स्टाइपेंड, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए बडा कदम उठाने जा रहे मुख्यमंत्री सुक्खू।

इसी खबर पर हिमाचल दस्तक लिखता है– डॉक्टरों के स्टाइपेंड में एक सौ 70 प्रतिशत तक बढोतरी करने की तैयारी।

दैनिक सवेरा टाइमस के अनुसार–सूबे में 200 चिकित्सकों की भर्ती करेगी सरकार।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है– बिन बारिश ठिठुरा प्रदेश– पहाडों में पारा माइनस में तो निचले इलाकों में शून्य डिग्री तक ।

––––––––––––––––––––––––––––